कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर हनुमानगढ

प्रकरण संख्या 123/2017 सूचना के अधिकार के अन्तर्गत

श्री धर्मपाल सहारण पुत्र स्वर्गीय सहीराम सहारण
निवासी गढबास, गांव जसाना तहसील नोहर जिला
हनुमानगढ।

—–अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर
कलेक्ट्रेट हनुमानगढ।

—–प्रत्यार्थी

आदेश दिनांक 23.01.2018

यह अपील सूचना का अधिकारी अधिनियम के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर हनुमानगढ के विरूद्ध प्राप्त हुई है।

अपीलार्थी उपस्थित नही। अपीलार्थी के अपील में अंकित तथ्यो के अनुसार लोक सूचना अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर हनुमानगढ द्वारा अपीलार्थी को उसके आवेदन पत्र के अनुसार वांछित सूचना उपलब्ध नही करवाये जाने पर अपीलार्थी द्वारा यह अपील की गई है।

लोक सूचना अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर हनुमानगढ से पत्र क्रमांक 38 दिनांक 08.01.2018 द्वारा जबाव प्राप्त हुआ जिसकी प्रतिलिपि अपीलार्थी को प्रेषित किया जाना पाया गया।

पत्रावली का अवलोकन किया। लोक सूचना अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर हनुमानगढ के उक्त पत्र के साथ संलग्न पत्र कमांक 1348 दिनांक 23.11.2017 की फोटो कापी का अवलोकन करने से उनके द्वारा अपीलार्थी का आवेदन पत्र को लोक सूचना अधिकारी एवं अधिक्षण अभियन्ता जो0वि0वि0लि0 हनुमानगढ को अन्तरित करते हुए जिसकी सूचना अपीलार्थी को भिजवाया जाना पाया गया है। लोक सूचना अधिकारी एवं अधिक्षण अभियन्ता जो0वि0वि0लि0 हनुमानगढ द्वारा सूचना उपलब्ध नही करवाने पर अपीलार्थी लोक सूचना अधिकारी एवं अधिक्षण अभियन्ता जो0वि0वि0लि0 हनुमानगढ के विरूद्ध सक्षम अपीलीय अधिकारी के समक्ष सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत नियमानुसार प्रथम अपील करने के लिए स्वतंत्र है। अपीलार्थी को इस अपील में कोई अनुतोष नही दिया जा सकता है। अतः वर्तमान अपील उपरोक्तानुसार निर्णीत की जाती है। आदेश की प्रति दोनो पक्षो को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ